धन्वंतरि आयुर्वेद फेस्टिवल का उद्घाटन समारोह

दिनाँक 28-10-2023 दिन शनिवार को महायोगी गोरखनाथ विश्विद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेस, आयुर्वेद कॉलेज मे महर्षि वाल्मीकि जयंती एवं शरद पूर्णिमा के पावन दिन पर धन्वंतरि आयुर्वेद फेस्टिवल का उद्घाटन समारोह विश्विद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल बाजपेई जी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि धन्वंतरि आयुर्वेद फेस्टिवल 15 दिन तक चलेगा जिसमे प्रत्येक दिन आयुर्वेद के जागरूकता एवं इसके महत्व को जन जन तक पहुचाने के लिये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे एवं एक राष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। 10 नवंबर 2023 आयुर्वेद दिवस धन्वंतरि पूजा, हवन भी आयोजित किया जाएगा। आयुष मंत्रालय द्वारा आयुर्वेद के संदेशों को जन जन तक पहुंचने के लिए आयुष मंत्रालय ने हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद थीम निर्धारित की है। कार्यक्रम मे स्वागत उद्बोधन आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन. एस. ने एवं आभार ज्ञापन डॉ. नवीन के. ने किया। कार्यक्रम मे आयुर्वेद कॉलेज के सभी शिक्षक, चिकित्सक सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Dhanvantari Ayurveda Festival - 2023
Inauguration Ceremony
Guru Gorakshnath Institute of Medical Sciences
Faculty of Ayurveda
MAHAYOGI GORAKHNATH UNIVERSITY GORAKHPUR, UTTAR PRADESH-273007

Dhanvantari Ayurveda Festival - 2023